डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

सेमेस्टर परीक्षा, अगस्त–सितम्बर माह, 2020 हेतु ऑनलाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–19, दिनाँक 22.06.2020 एवं सी.ओ.ई–42 दिनाँक 19.06.2020 द्वारा सेमेस्टर परीक्षा अगस्त माह, 2020 हेतु ऑन–लाइन आवेदन विषयक निर्गत आवश्यक सूचना के क्रम में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं में शैक्षिक सत्र 2019–20 में संचालित **डिप्लोमा, स्नातक एवं परास्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) के सत्रांत/वर्ष में अध्ययनरत् विद्यार्थियों** के लिये विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र दिनाँक 22.06.2020 से दिनाँक 05.07.2020 तक आमंत्रित किये गये थे। जिसके पश्चात् उक्त ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथि को दिनाँक 31.07.2020 तक तथा पुनः दिनाँक 28.08.2020 तक विस्तारित किया गया था।

तद्क्रम में एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उपर्युक्तानुसार सेमेस्टर परीक्षा माह अगस्त–सितम्बर, 2020 के लिये निर्धारित आवेदन तिथि के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनाँक 16.09.2020 तक विस्तारित किया जाता है। पूर्व में निर्गत सूचना द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशों के अनुसार ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन दिनाँक 16.09.2020 तक अनिवार्य रूप से भरना सुनिश्चित करें। उक्त अन्तिम तिथि के पश्चात् पुनः तिथि का विस्तारीकरण किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा।

शेष शर्तें एवं व्यवस्थाएं पूर्ववत् रहेंगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-70 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2020–21   दिनांकः– 11 सितम्बर, 2020

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के संबंधित प्राचार्य को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेखों सहित) सूचीबद्ध विवरण सहित अपने कार्यालय में सुरक्षित रखे तथा उसकी साफ्ट कॉपी अधोहस्ताक्षरित की ई–मेल coe@dsmnru.ac.in/aoexam@dsmnru.ac.in पर दिनाँक 18.09.2020 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

11/9/2020

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक